निःशुल्क PDF • शेयर करें

NTA UGC NET / JRF

हिंदी (पेपर 2)



जून 2026 हल प्रश्न पत्र

Previous Year Question Paper • Solved

- **100 प्रश्न** — मूल प्रश्न पत्र
- **उत्तर सहित** — NTA अंतिम उत्तर-कुंजी
- **व्याख्या** — सही मिलान, सही क्रम
- **उत्तर-कुंजी** — एक पेज पर सभी उत्तर



केवल कृष्ण घोड़ेला
एम.ए., बी.एड. (नेट हिंदी) • कॉलेज व्याख्याता, श्रीगंगानगर

store.hindisahity.com

📌 इस PDF के बारे में

इस PDF में **NTA UGC NET/JRF हिंदी (पेपर 2) जून 2026** के सभी 100 प्रश्न मूल रूप में दिए गए हैं। हर प्रश्न के नीचे हरे बॉक्स में सही उत्तर है, जो NTA की अंतिम उत्तर-कुंजी के अनुसार है। जहाँ ज़रूरी है, वहाँ सही मिलान, सही क्रम और छोटी व्याख्या भी दी गई है।

कैसे पढ़ें: हर प्रश्न को पहले स्वयं हल करें, फिर नीचे के उत्तर से मिलाएँ। अंत में उत्तर-कुंजी (एक पेज पर सभी उत्तर) से अपना स्कोर गिनें।
👉 यही पेपर ऑनलाइन (क्लिक करके उत्तर खोलने वाला) यहाँ पढ़ें: **UGC NET Hindi Previous Year Question Paper**

बिंदु	विवरण
परीक्षा	NTA UGC NET / JRF
सत्र	जून 2026
विषय	हिंदी (विषय कोड 20), पेपर 2
कुल प्रश्न / अंक	100 प्रश्न / 200 अंक (हर प्रश्न 2 अंक)
नकारात्मक अंकन	नहीं
रद्द प्रश्न	1 (प्रश्न 32)

📊 प्रश्नों का प्रकार-वार विश्लेषण

प्रश्न का प्रकार	संख्या
सीधे (एक सही विकल्प वाले) प्रश्न	**39**
बहु-कथन / कथन चयन	**22**
कालक्रम / क्रम व्यवस्थित करना	**19**
सुमेलित (सूची-I और सूची-II)	**10**
अनुच्छेद आधारित	**10**

🧭 विषय-सूची (क्लिक करें)

- ▸ **प्रश्न 1–25**
- ▸ **प्रश्न 26–50**
- ▸ **प्रश्न 51–75**
- ▸ **प्रश्न 76–90**
- ▸ **प्रश्न 91–100**
- ▸ **उत्तर-कुंजी**

📝 UGC NET हिंदी जून 2026: हल प्रश्न पत्र (प्रश्न 1–100)

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन सी निर्मला जैन की कृतियां हैं?

A. रस सिद्धान्त और सौन्दर्यशास्त्र
B. आधुनिक साहित्य : मूल्य और मूल्यांकन
C. आधुनिक कविता यात्रा
D. आधुनिक हिन्दी काव्य : रूप और संरचना
E. हिन्दी आलोचना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B, D
(2) केवल A, B, C
(3) केवल A, B, E
(4) केवल A, D, E

✔ **सही उत्तर: (4) केवल A, D, E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A (रस सिद्धान्त और सौन्दर्यशास्त्र), D (आधुनिक हिन्दी काव्य : रूप और संरचना), E (हिन्दी आलोचना)।

प्रश्न 2. "भई पुछार, लीन्ह बनबासू। बैरिनि सवति दीन्ह चिलबाँसू ।।" आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा संपादित 'जायसी ग्रन्थावली' के अनुसार इस पंक्ति में प्रयुक्त 'चिलबाँसू' शब्द का क्या अर्थ है?

(1) चिड़िया फँसाने का एक फंदा
(2) एक चिड़िया
(3) गोरा पक्षी
(4) तेलिया मैना

✔ **सही उत्तर: (1) चिड़िया फँसाने का एक फंदा**

प्रश्न 3. "कारन कवन नाथ नहिं आयउ। जानि कुटिल किधों मोहि बिसरायेउ" 'उत्तर काण्ड' (रामचरितमानस) की इन पंक्तियों में किस पात्र के हृदय के भाव प्रकट हो रहे हैं?

(1) शत्रुघ्न
(2) उर्मिला
(3) भरत
(4) हनुमान

✔ **सही उत्तर: (3) भरत**
ये पंक्तियाँ उत्तरकांड के आरंभ की हैं। चौदह वर्ष की अवधि पूरी होने पर भी राम के न लौटने से भरत के मन में यह व्याकुलता उठती है।

प्रश्न 4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें -

सूची-I (पात्र)	सूची-II (पंक्ति)
A. रायसाहब	**I.** समाज व्यक्ति ही से बनता है। और व्यक्ति को भूलकर हम किसी व्यवस्था पर विचार नहीं कर सकते।
B. मिस्टर मेहता	**II.** आप संन्यासी बन सकते हैं, मैं तो नहीं बन सकता। मैं तो समझता हूँ, जो भोगी नहीं है, वह संग्राम में भी पूरे उत्साह से नहीं जा सकता।
C. मिस्टर खन्ना	**III.** राष्ट्र का कल्याण हो, यही मेरी कामना है। एक व्यक्ति के सुख दुःख का कोई मूल्य नहीं है।
D. ओंकारनाथ	**IV.** मैं इसे स्वीकार करता हूँ कि किसी को भी दूसरों के श्रम पर मोटे होने का अधिकार नहीं है। उपजीवी होना घोर लज्जा की बात है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें:

(1) A-I, B-III, C-II, D-IV
(2) A-III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-IV, B-I, C-II, D-III
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

✔ सही उत्तर: (3) A-IV, B-I, C-II, D-III
सही मिलान: रायसाहब → IV; मिस्टर मेहता → I; मिस्टर खन्ना → II; ओंकारनाथ → III।
🔗 विस्तार से पढ़ें: **गोदान उपन्यास: सारांश, पात्र और कथन**

प्रश्न 5. 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' निबंध में भारतेंदु के विचार हैं-

A. अंग्रेजों के राज्य में सब प्रकार का सामान पाकर, अवसर पाकर भी हम उन्नति न करें तो अभाग्य है।
B. वे बातें जो समाज विरुद्ध हों, देश-काल के अनुरूप न हों किन्तु धर्मशास्त्र में उनका विधान हो तब भी छोड़ दीजिए।
C. वास्तविक धर्म और समाज धर्म दोनों सदैव एक हैं।
D. लड़कों को छोटेपन से मेहनत की आदत देनी चाहिए।
E. लड़कियाँ शिक्षित हों ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल B, C, D
(2) केवल A, B, D
(3) केवल A, B, E
(4) केवल A, B, C

✔ सही उत्तर: (2) केवल A, B, D
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A, B, D (लड़कों को छोटेपन से मेहनत की आदत देनी चाहिए।)।

UGC NET/JRF हिंदी
पेपर 2
कंप्लीट कॉम्बो नोट्स
सभी 10 इकाइयाँ

UGC NET/JRF हिंदी (पेपर 2) कंप्लीट कॉम्बो नोट्स PDF
✔ सभी 10 इकाइयाँ एक साथ ✔ रचनाएँ, पात्र, कथन और प्रकाशन वर्ष ✔ परीक्षा-उपयोगी तालिकाएँ
₹699 ~~₹1102~~ अभी खरीदें →

प्रश्न 6. 'आधे अधूरे' के पुरुष चार के अनुसार स्त्री (सावित्री) महेन्द्रनाथ से अलग होने की इच्छा के साथ किन पात्रों के संपर्क में आयी?

A. शिवजीत
B. अशोक
C. जगमोहन
D. नरोत्तम
E. मनोज

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल A, B और C
(2) केवल A, C और D
(3) केवल A, C और E
(4) केवल B, D और E

✔ **सही उत्तर: (3) केवल A, C और E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A (शिवजीत), C (जगमोहन), E (मनोज)।

प्रश्न 7. नीचे उद्धरण और उनके लेखकों के नाम दिए गए हैं। उनमें से सही उद्धरण-लेखक युग्म का चुनाव करें -

A. दासों का एक से दो होना प्रभुओं के लिए अच्छा हो सकता है, दासों के लिए नहीं। - महादेवी वर्मा
B. वह अपने को निरीश्वरवादी कहकर प्रचारित करता था, लेकिन सारे व्यसनों और दुर्गुणों के बावजूद उसका मन वैरागी का मन था। - रमणिका गुप्ता
C. अपने अनुभव को दूसरे के अपने मालिक के इतिवृत्त के रूप में कहना ही तो मर्यादा संगत है; वैष्णव भक्त जैसे राधा और कृष्ण के जीवन में अपना राग-विराग ढाल देते थे, मैं अपने प्रतीक पुरुष को ही आधार बनाता हूँ। - अज्ञेय
D. पति-पत्नी के सम्बन्ध क्या हों, इस पर विभिन्न युगों और समाजों में तरह-तरह के प्रयोग होते आए हैं-कहीं आदर्श को आगे रखकर, कहीं वास्तविकता को। - बच्चन
E. आस्थाएँ शाश्वत नहीं होतीं। मेरी आस्थाएँ बदलीं और एक दिन वे आस्था न रहकर तर्क बन गईं। - विष्णु प्रभाकर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) केवल A, B, C
(2) केवल B, D, E
(3) केवल A, C, D
(4) केवल B, C, E

✔ **सही उत्तर: (3) केवल A, C, D**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A, C, D।

प्रश्न 8. संस्कृत के निम्नलिखित आचार्यों को उनके कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

A. आनन्दवर्द्धन
B. भरतमुनि
C. दण्डी
D. भामह
E. अभिनवगुप्त

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) D, C, B, A, E
(2) C, E, A, B, D
(3) B, C, D, E, A
(4) B, D, C, A, E

✔ **सही उत्तर: (4) B, D, C, A, E**
सही क्रम: भरतमुनि → भामह → दण्डी → आनन्दवर्द्धन → अभिनवगुप्त।
कालक्रम: भरतमुनि (नाट्यशास्त्र) → भामह (काव्यालंकार) → दण्डी (काव्यादर्श) → आनंदवर्धन (ध्वन्यालोक) → अभिनवगुप्त (अभिनवभारती, लोचन)।

प्रश्न 9. अमृतलाल नागर के निम्नलिखित उपन्यासों को, प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए:

A. एकदा नैमिषारण्ये
B. करवट
C. सात घूँघट वाला मुखड़ा
D. पीढ़ियाँ
E. खंजन नयन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) A, B, C, E, D
(2) C, A, E, B, D
(3) C, A, B, E, D
(4) A, B, C, D, E

✔ **सही उत्तर: (2) C, A, E, B, D**
सही क्रम: सात घूँघट वाला मुखड़ा → एकदा नैमिषारण्ये → खंजन नयन → करवट → पीढ़ियाँ।
प्रकाशन वर्ष: सात घूँघट वाला मुखड़ा (1968), एकदा नैमिषारण्ये (1972), खंजन नयन (1981), करवट (1985), पीढ़ियाँ (1990)।

प्रश्न 10. 'उसने कहा था' कहानी में है-

A. अमृतसर की संस्कृति
B. विदेशी शक्तियों द्वारा प्रथम विश्वयुद्ध के समय भारतीयों को दिए जाने वाले प्रलोभनों के उदाहरण
C. लहना सिंह का घर 'मगरे' में होने का उल्लेख
D. संस्कृत के रचनाकार आनन्दवर्द्धन का उल्लेख
E. किसानी के लिए उपजाऊ जमीन का आकर्षण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल A, B, E
(2) केवल A, B, D
(3) केवल A, C, E
(4) केवल C, D, E

✔ **सही उत्तर: (1) केवल A, B, E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A (अमृतसर की संस्कृति), B, E (किसानी के लिए उपजाऊ जमीन का आकर्षण)।
🔗 विस्तार से पढ़ें: **उसने कहा था: सारांश और पात्र**

प्रश्न 11. 'साहित्य का सभ्यता से घनिष्ठ संबंध है' निबंध के लेखक कौन हैं?

(1) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(2) बालकृष्ण भट्ट
(3) रामचंद्र शुक्ल
(4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

✔ **सही उत्तर: (2) बालकृष्ण भट्ट**
'साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है' जैसी मान्यता वाले बालकृष्ण भट्ट 'हिंदी प्रदीप' के संपादक और भारतेंदु युग के प्रमुख निबंधकार थे।

प्रश्न 12. 'भोलाराम का जीव' में आई निम्नलिखित पंक्तियों को क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:

A. 'जिंदगी भर उन्होंने किसी दूसरी औरत को आँख उठाकर नहीं देखा।'
B. 'हर दस-पंद्रह दिन में एक दरख्वास्त देते थे, पर वहाँ से या तो जवाब आता ही नहीं था....'
C. 'मेरा यहाँ कोई मठ तो है नहीं, फिर भी मैं सरकारी दफ्तर में जाऊँगा।'
D. 'बहुत संभव है कि अगर मकान मालिक वास्तविक मकान मालिक है, तो उसने भोलाराम के मरते ही उसके परिवार को निकाल दिया होगा।'
E. 'देर लग ही जाती है। बीसों बार एक ही बात को बीस जगह लिखना पड़ता है, तब पक्की होती है।'

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) B, A, D, C, E
(2) D, A, B, C, E
(3) D, B, A, C, E
(4) B, D, A, E, C

✔ **सही उत्तर: (3) D, B, A, C, E**
सही क्रम: D → B → A → C → E।

प्रश्न 13. 'बद्धाक्षर' कहलाते हैं:

(1) आपसी बंधन का अर्थ देने वाले शब्द।
(2) जिन अक्षरों के अंत में बलाघात हो।
(3) जिन अक्षरों के अंत में स्वर हो।
(4) जिन अक्षरों के अंत में व्यंजन हो।

✔ **सही उत्तर: (4) जिन अक्षरों के अंत में व्यंजन हो।**
जिन अक्षरों के अंत में व्यंजन हो, वे बद्धाक्षर (Closed Syllable) कहलाते हैं; जिनके अंत में स्वर हो, वे मुक्ताक्षर (Open Syllable) कहलाते हैं।

प्रश्न 14. 'संस्कृति और सौन्दर्य' शीर्षक निबन्ध में नामवर सिंह ने नहीं माना है -

(1) द्विवेदी जी का सौन्दर्य-संस्कार शांति निकेतन की ही देन है।
(2) शांति निकेतन ने द्विवेदी जी के सुप्त सौन्दर्य बोध को जाग्रत किया था।
(3) द्विवेदी जी ने सौन्दर्य को सौन्दर्य न कहकर 'लालित्य' कहना चाहा है।
(4) द्विवेदी जी की दृष्टि में 'सौन्दर्य' में 'धर्माचरण' का भी समावेश है।

✔ **सही उत्तर: (1) द्विवेदी जी का सौन्दर्य-संस्कार शांति निकेतन की ही देन है।**

प्रश्न 15. कल्पना और फैंटेसी में तात्विक दृष्टि से एकता दिखाते हुए भी कॉलरिज ने निम्न में से किसे फैंटेसी का कार्य नहीं माना है?

(1) भाव और विचार के बीच सामंजस्य बनाना
(2) दिवा-स्वप्न गढ़ना
(3) स्वच्छंदता की सृष्टि करना और ऊहात्मकता पैदा करना
(4) अनर्गल बिम्बों का सृजन

✔ **सही उत्तर: (1) भाव और विचार के बीच सामंजस्य बनाना**
कॉलरिज के अनुसार भाव और विचार के बीच सामंजस्य स्थापित करना कल्पना (Imagination) का कार्य है। फैंटेसी (Fancy) केवल स्मृति से प्राप्त बिंबों को जोड़ती है।

प्रश्न 16. भीष्म साहनी के निम्नलिखित उपन्यासों को उनकी प्रकाशन तिथि से क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:

A. मय्यादास की माड़ी
B. तमस
C. नीलू, नीलिमा, नीलोफर
D. कड़ियाँ
E. कुंतो

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) B, D, A, E, C
(2) D, B, A, E, C
(3) D, C, E, A, B
(4) C, D, B, E, A

✔ **सही उत्तर: (2) D, B, A, E, C**
सही क्रम: कड़ियाँ → तमस → मय्यादास की माड़ी → कुंतो → नीलू, नीलिमा, नीलोफर।
प्रकाशन वर्ष: कड़ियाँ (1970), तमस (1973), मय्यादास की माड़ी (1988), कुंतो (1993), नीलू, नीलिमा, नीलोफर (2000)।

प्रश्न 17. "क्या तू नहीं जानता मैं कौन हूँ, क्या तूने आज इस तलवार की काट नहीं देखी?" यह कथन किस कहानी से उद्धृत है?

(1) आकाशदीप
(2) उसने कहा था
(3) कानों में कंगना
(4) दुनिया का सबसे अनमोल रत्न

✔ **सही उत्तर: (4) दुनिया का सबसे अनमोल रत्न**

प्रश्न 18. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के 'हिंदी साहित्य का इतिहास' के अनुसार निम्नलिखित में से कौन अच्छे सूक्तिकार कहे गए हैं?

(1) बैताल और घाघ
(2) बिहारी और सूदन
(3) आलम और रसखान
(4) ठाकुर और मतिराम

✔ **सही उत्तर: (1) बैताल और घाघ**

प्रश्न 19. आलोचक वीर भारत तलवार की पुस्तकें हैं :

A. किसान, राष्ट्रीय आंदोलन और प्रेमचंद
B. हिन्दी नवजागरण और संस्कृति
C. रस्साकशी
D. प्रेमचंद और उनका युग
E. सामना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B, D
(2) केवल B, C, E
(3) केवल A, C, E
(4) केवल C, D, E

✔ **सही उत्तर: (3) केवल A, C, E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A (किसान, राष्ट्रीय आंदोलन और प्रेमचंद), C (रस्साकशी), E (सामना)।

प्रश्न 20. नागरी प्रचारिणी सभा से प्रकाशित 'पृथ्वीराज रासो' का संपादन किसने किया था जिसमें 27वें समय के रूप में 'अथ रेवातट समयौ लिख्यते' आता है?

(1) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(2) बेनीप्रसाद शर्मा
(3) कविराज मोहन सिंह
(4) मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या

✔ **सही उत्तर: (4) मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या**

प्रश्न 21. "हरेक आदमी को अपने आपसे कहना चाहिए 'क्या सचमुच मैं इस प्रकार का आदमी हूँ, जिसे ऐसी रीति से काम करने का अधिकार है कि मानवता मेरे कर्मों के द्वारा अपना मार्ग निर्देशन करे ?'" उपर्युक्त पंक्ति किस अस्तित्ववादी आलोचक की है?

(1) नीत्शे
(2) पॉल सार्त्र
(3) कार्ल जेस्पर्स
(4) अल्बर्ट कामू

✔ **सही उत्तर: (2) पॉल सार्त्र**
यह कथन अस्तित्ववादी चिंतक ज्याँ पॉल सार्त्र का है, जो मनुष्य के चुनाव और उसके उत्तरदायित्व पर बल देते हैं।

प्रश्न 22. हबीब तनवीर के नाटक 'आगरा बाजार' में 'किताबवाला' ने निम्नलिखित पंक्तियाँ किस पात्र से कही हैं? "मैंने अपनी किताबों के इश्तहार के लिए लोगों को जमा कर रखा है। यह शौक और यह जिहालत ! सुभान अल्लाह!"

(1) नवासी
(2) पानवाला
(3) गंगाप्रसाद
(4) अजनबी

✔ **सही उत्तर: (4) अजनबी**
🔗 विस्तार से पढ़ें: आगरा बाजार नाटक: सारांश और कथन

प्रश्न 23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें -

सूची-I (निबंध)	सूची-II (पंक्ति)
A. भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है	**I.** हमारी बुद्धि जहाँ तक है, वहाँ तक उनकी स्तुति प्रार्थना, ध्यान, उपासना कर सकते हैं।
B. शिवमूर्ति	**II.** वहाँ के लोग गप्प ही में देश के प्रबंध छाँटते हैं।
C. शिवशंभु के चिट्ठे	**III.** जो खुदा को देखना हो तो मैं देखता हूँ तुमको।
D. मजदूरी और प्रेम	**IV.** किस्मत पे उस मुसाफिरे-खस्ता के रोइये।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(1) A-III, B-II, C-IV, D-I
(2) A-II, B-I, C-IV, D-III
(3) A-I, B-III, C-II, D-IV
(4) A-II, B-IV, C-I, D-III

✔ **सही उत्तर: (2) A-II, B-I, C-IV, D-III**
सही मिलान: भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है → वहाँ के लोग गप्प ही में देश के प्रबंध छाँटते हैं।; शिवमूर्ति → ।; शिवशंभु के चिट्ठे → किस्मत पे उस मुसाफिरे-खस्ता के रोइये।; मजदूरी और प्रेम → जो खुदा को देखना हो तो मैं देखता हूँ तुमको।।

प्रश्न 24. 'कविता क्या है' निबंध में उद्धृत पंक्ति 'स्वाभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रिया रूप-वर्णनम्' किस ग्रन्थ से ली गई है?

(1) साहित्यदर्पण
(2) काव्यप्रकाश कारिका
(3) अग्निपुराण
(4) रसमीमांसा

✔ **सही उत्तर: (2) काव्यप्रकाश कारिका**

प्रश्न 25. 'देखा जायेगा, जैसे चलेगा। खर्च के लिए प्राण तो नहीं दिए जा सकते।' यह पंक्ति किस रचना से ली गयी है?

(1) ठकुरी बाबा
(2) प्रेमचन्द घर में
(3) एक कहानी यह भी
(4) आवारा मसीहा

✔ **सही उत्तर: (2) प्रेमचन्द घर में**

प्रश्न 26. निम्नलिखित में से अपभ्रंश की विशेषता नहीं है -

(1) प्रतिपादकों की विविधता
(2) दो वचन
(3) लुप्तविभक्तिक पद
(4) परसर्गों की उपस्थिति

✔ **सही उत्तर: (1) प्रतिपादकों की विविधता**
अपभ्रंश में दो वचन, लुप्तविभक्तिक पद और परसर्गों का प्रयोग मिलता है; 'प्रतिपादकों की विविधता' इसकी विशेषता नहीं है।

प्रश्न 27. "द्विवेदी जी का महत्त्व उनके लेखों में नहीं है। उनका महत्त्व विशेषकर इस बात में है कि उन्होंने भाषा को परिमार्जित और सुंदर रूप देने का सफलतापूर्वक उद्योग किया।" महावीरप्रसाद द्विवेदी के बारे में यह कथन किस आलोचक का है?

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(2) रामविलास शर्मा
(3) श्यामसुंदरदास
(4) हजारीप्रसाद द्विवेदी

✔ **सही उत्तर: (3) श्यामसुंदरदास**

प्रश्न 28. "श्याम वर्ण, बकरे जैसी दाढ़ी, क्षीणकाय, केवल दो आँखें कैसी तीक्ष्ण हैं, कैसी तीक्ष्ण है नाक, लेकिन चेहरे पर तेज तो ज़रा भी नहीं है। अत्यन्त गद्यमय वेश..." इन पंक्तियों के लेखक हैं?

(1) हरिवंश राय बच्चन
(2) विष्णु प्रभाकर
(3) रामवृक्ष बेनीपुरी
(4) राहुल सांकृत्यायन

✔ **सही उत्तर: (2) विष्णु प्रभाकर**
🔗 विस्तार से पढ़ें: आवारा मसीहा (विष्णु प्रभाकर)

प्रश्न 29. 'भारत भारती' के 'भविष्यत्खंड' में निम्नांकित का उद्बोधन किया गया है:

A. चिकित्सक
B. शिक्षित
C. न्यायविद्
D. कवि
E. नवयुवक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, C, E
(2) केवल B, C, D
(3) केवल C, D, E
(4) केवल B, D, E

✔ **सही उत्तर: (4) केवल B, D, E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: B (शिक्षित), D (कवि), E (नवयुवक)।

प्रश्न 30. "ईश्वर महरानी को चिरजीवी रक्खे" वाक्य किस निबंध से उद्धृत है?

(1) भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है?
(2) दिल्ली दरबार दर्पण
(3) शिवशंभु के चिट्ठे
(4) शिवमूर्ति

✔ **सही उत्तर: (2) दिल्ली दरबार दर्पण**

प्रश्न 31. 'ईदगाह' कहानी के संबंध में कहा जा सकता है -

A. प्रेमचंद ने इस कहानी में पुलिस-प्रशासन के भ्रष्टाचार की ओर संकेत किया है।
B. हामिद के दोस्त कहानी में अंत तक चिमटे के प्रति आकर्षित नहीं होते हैं।
C. हामिद का चिमटा एक अभावग्रस्त देश या समाज को अपनी प्राथमिकताएँ निश्चित करने की प्रेरणा देता है।
D. अमीना को उम्मीद नहीं है कि उसके घर सेवइयों के लिए कोई आएगा।
E. यह कहानी औपनिवेशिक व्यवस्था के चिह्नों पर व्यंग्य भी करती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल B, D, E
(2) केवल A, B, E
(3) केवल A, C, E
(4) केवल A, C, D

✔ **सही उत्तर: (3) केवल A, C, E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A, C, E।

प्रश्न 32. निम्नांकित नाटकों को उनके प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए:

A. देहान्तर
B. महाबली
C. आदमी जो मछुआरा नहीं था
D. काली बर्फ
E. कोर्ट मार्शल

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) C, E, B, A, D
(2) C, A, E, B, D
(3) D, C, A, E, B
(4) B, C, A, E, D

⚠️ **प्रश्न रद्द (Drop):** NTA की अंतिम उत्तर-कुंजी में यह प्रश्न रद्द (Drop) कर दिया गया था, इसलिए इसका कोई विकल्प मान्य नहीं है।

प्रश्न 33. निम्नलिखित में से कौन सा पात्र 'सिन्दूर की होली' नाटक से नहीं है?

(1) मुरारीलाल
(2) माहिरअली
(3) चन्द्रकला
(4) आनन्दा

✔ **सही उत्तर: (4) आनन्दा**

प्रश्न 34. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

सूची-I (कृष्ण भक्त संप्रदाय)	सूची-II (कृष्ण भक्त कवि)
A. वल्लभ संप्रदाय	**I.** छीतस्वामी
B. निम्बार्क संप्रदाय	**II.** गदाधर भट्ट
C. सखी संप्रदाय	**III.** परशुरामदेव
D. गौड़ीय संप्रदाय	**IV.** बिहारिनदास

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) A-I, B-III, C-IV, D-II
(2) A-I, B-IV, C-III, D-II
(3) A-I, B-II, C-III, D-IV
(4) A-I, B-IV, C-II, D-III

✔ **सही उत्तर: (1) A-I, B-III, C-IV, D-II**
सही मिलान: वल्लभ संप्रदाय → छीतस्वामी; निम्बार्क संप्रदाय → परशुरामदेव; सखी संप्रदाय → बिहारिनदास; गौड़ीय संप्रदाय → गदाधर भट्ट।

प्रश्न 35. 'आधे-अधूरे' नाटक के पात्र (पुरुष चार) के संवाद को पहले से बाद के क्रम के अनुसार व्यवस्थित करें -

A. ज्यादा बात अब नहीं करना चाहता। सिर्फ एक ही बात कहना चाहता हूँ तुमसे।
B. तुम किसी तरह छुटकारा नहीं दे सकतीं उस आदमी को?
C. क्योंकि कोई जानता भी तो नहीं उतना जितना मैं जानता हूँ।
D. उल्टी बात नहीं है। तुमने जिस तरह बाँध रखा है उसे अपने साथ....।
E. हाँ....पर इस वक्त तुम ठीक मूड में नहीं हो...।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) E, A, D, B, C
(2) E, A, B, D, C
(3) A, B, C, D, E
(4) B, C, D, E, A

✔ सही उत्तर: (2) E, A, B, D, C
सही क्रम: E → A → B → D → C।



UGC NET/JRF हिंदी टेस्ट सीरीज़: 33 टेस्ट पेपर, 1500+ प्रश्न
✔ नए पैटर्न पर प्रश्न ✔ उत्तर-कुंजी सहित ✔ परीक्षा से पहले पूरी प्रैक्टिस
₹99 ~~₹170~~ **अभी खरीदें →**

प्रश्न 36. 'अकाल दर्शन' कविता के निम्न कविता-अंशों को कविता में आने के क्रमानुसार पहले से बाद के क्रम में लगाइए :

A. क्रान्ति - यहाँ के असंग लोगों के लिए किसी अबोध बच्चे के हाथों की जूजी है।
B. उस मुहावरे को समझ गया हूँ जो आज़ादी और गांधी के नाम पर चल रहा है
C. और मैं सोचने लगता हूँ कि इस देश में एकता युद्ध की और दया अकाल की पूँजी है।
D. वे इस जंगल की सराहना करते हैं- 'भारत वर्ष नदियों का देश है।'
E. उनका कहना है कि बच्चे हमें बसन्त बुनने में मदद देते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) C, A, E, D, B
(2) B, E, C, D, A
(3) E, B, D, C, A
(4) D, A, C, E, B

✔ सही उत्तर: (3) E, B, D, C, A
सही क्रम: E → B → D → C → A।

प्रश्न 37. 'माटी की मूरतें' पुस्तक के अंतर्गत आए हुए विविध शीर्षकों को क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

A. बालगोबिन भगत
B. बलदेव सिंह
C. भौजी
D. बुधिया
E. परमेसर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) B, A, C, E, D
(2) A, C, D, E, B
(3) B, E, C, A, D
(4) D, A, E, C, B

✔ **सही उत्तर: (1) B, A, C, E, D**
सही क्रम: बलदेव सिंह → बालगोबिन भगत → भौजी → परमेसर → बुधिया।

प्रश्न 38. 'लक्षणा शब्दशक्ति' के संबंध में कौन-से कथन असत्य हैं?

A. लक्षणा शब्दशक्ति द्वारा गृहीत अर्थ लक्ष्यार्थ कहलाता है।
B. जो शब्द लक्षणा शक्ति द्वारा लक्ष्यार्थ का द्योतन करता है, उसे लक्षक शब्द अथवा लाक्षणिक शब्द कहते हैं।
C. जहाँ मुख्यार्थ रूढ़ि के कारण लक्ष्यार्थ का बोध कराए, वहाँ प्रयोजनवती लक्षणा मानी जाती है।
D. जहाँ मुख्यार्थ प्रयोजन के कारण लक्ष्यार्थ का बोध कराए, वहाँ रूढ़ा लक्षणा मानी जाती है।
E. मुख्यार्थ की बाधा होने पर रूढ़ि अथवा प्रयोजन के कारण जिस शक्ति के द्वारा मुख्यार्थ से संबद्ध अन्य अर्थ लक्षित हो, उसे लक्षणा शब्दशक्ति कहते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) केवल C और D
(2) केवल C और E
(3) केवल D और E
(4) केवल A और B

✔ **सही उत्तर: (1) केवल C और D**
प्रश्न के अनुसार चुने जाने वाले कथन/विकल्प: C, D।

प्रश्न 39. 'रश्मिरथी' के निम्नलिखित संवादों को, काव्य में आने के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए :

A. व्रत का, पर, निर्वाह कभी ऐसे भी करना होता है, इस कर से जो दिया, उसे उस कर से हरना होता है।
B. जब तक भोगी भूप प्रजाओं के नेता कहलायेंगे, ज्ञान, त्याग, तप नहीं श्रेष्ठता का जब तक पद पायेंगे।
C. हार-जीत क्या चीज? वीरता की पहचान समर है, सच्चाई पर कभी हार कर भी न हारता नर है।
D. विधि ने था क्या लिखा भाग्य में, खूब जानता हूँ मैं, बाँहों को, पर कहीं भाग्य से बली मानता हूँ मैं।
E. जाति-जाति रटते, जिनकी पूँजी केवल पाषण्ड, मैं क्या जानूँ जाति? जाति हैं ये मेरे भुजदण्ड।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) B, A, D, C, E
(2) A, C, E, D, B
(3) E, B, A, D, C
(4) C, E, D, A, B

✔ **सही उत्तर: (3) E, B, A, D, C**
सही क्रम: E → B → A → D → C।

प्रश्न 40. निम्नलिखित में से कौन-कौन से भेद प्रकरण वक्रता के अंतर्गत आते हैं?

A. काल वक्रता
B. पात्र प्रवृत्ति वक्रता
C. उत्पाद्य कथा वक्रता
D. उपकार्योपकारक भाव-वक्रता
E. संख्या वक्रता

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C
(2) केवल B, C और D
(3) केवल A, C और D
(4) केवल C, D और E

✔ **सही उत्तर: (2) केवल B, C और D**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: B (पात्र प्रवृत्ति वक्रता), C (उत्पाद्य कथा वक्रता), D (उपकार्योपकारक भाव-वक्रता)।

प्रश्न 41. 'डॉयोनीसस एंड द सिटी' पुस्तक के रचनाकार कौन हैं?

(1) मनरो के. स्पिअर्स
(2) मरे क्रीगर
(3) आर. एस. क्रेन
(4) केनेथ बर्क

✔ **सही उत्तर: (1) मनरो के. स्पिअर्स**

प्रश्न 42. प्रेमचंद के निम्नलिखित उपन्यासों को उनकी प्रकाशन-तिथि के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

A. गबन
B. प्रेमाश्रम
C. कायाकल्प
D. कर्मभूमि
E. गोदान

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) B, A, C, E, D
(2) A, D, C, B, E
(3) B, C, A, D, E
(4) A, B, C, D, E

✔ **सही उत्तर: (3) B, C, A, D, E**
सही क्रम: प्रेमाश्रम → कायाकल्प → गबन → कर्मभूमि → गोदान।
प्रकाशन वर्ष: प्रेमाश्रम (1922), कायाकल्प (1926), गबन (1931), कर्मभूमि (1932), गोदान (1936)।

प्रश्न 43. हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंध संग्रहों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:

A. आलोकपर्व
B. कल्पलता
C. विचार और वितर्क
D. कुटज
E. विचार प्रवाह

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) C, B, E, D, A
(2) A, B, C, D, E
(3) C, A, B, D, E
(4) B, A, D, C, E

✔ **सही उत्तर: (1) C, B, E, D, A**
सही क्रम: विचार और वितर्क → कल्पलता → विचार प्रवाह → कुटज → आलोकपर्व।

प्रश्न 44. 'एक कहानी यह भी' की लेखिका ने अपने पति के साथ संबंधों को किन रूपों में परिभाषित किया है-

A. शत्रुता
B. मित्रता
C. प्रायः असहमत
D. सदैव कटुता
E. निहायत औपचारिक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल C, E
(2) केवल B, D
(3) केवल A, E
(4) केवल B, E

✔ **सही उत्तर: (1) केवल C, E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: C (प्रायः असहमत), E (निहायत औपचारिक)।

प्रश्न 45. "स्वयं विवेकानन्द जी महाराज को तत्कालीन शिक्षित युवकों से घोर असन्तोष था।" यह वाक्य निम्नलिखित पुस्तकों में से किस से उद्धृत है?

(1) संस्कृति के चार अध्याय
(2) मेरी तिब्बत यात्रा
(3) प्रेमचन्द घर में
(4) आवारा मसीहा

✔ **सही उत्तर: (1) संस्कृति के चार अध्याय**
'संस्कृति के चार अध्याय' रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध पुस्तक है।

प्रश्न 46. "यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि भाषा पर जैसा अचूक अधिकार इनका था वैसा और किसी कवि का नहीं। भाषा मानो इनके हृदय के साथ जुड़कर ऐसी वशवर्तिनी हो गई थी कि ये उसे अपनी अनूठी भाव-भंगी के साथ-साथ जिस रूप में चाहते थे उस रूप में मोड़ सकते हैं।" यह कथन किस आलोचक ने किस कवि के लिए कहा है?

(1) रामचंद्र शुक्ल ने सूरदास के लिए
(2) रामचंद्र शुक्ल ने घनानंद के लिए
(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने रसखान के लिए
(4) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने पद्माकर के लिए

✔ **सही उत्तर: (2) रामचंद्र शुक्ल ने घनानंद के लिए**
आचार्य शुक्ल ने 'हिंदी साहित्य का इतिहास' में रीतिमुक्त कवि घनानंद की भाषा-शक्ति के बारे में यह कहा है।

प्रश्न 47. साहित्य के बारे में यह कथन किनका है "साहित्य में जो शक्ति छिपी रहती है, वह तोप, तलवार और बम्ब के गोलों में भी नहीं पाई जाती।"

(1) प्रेमचंद
(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(3) बालमुकुंद गुप्त
(4) गणेश शंकर विद्यार्थी

✔ **सही उत्तर: (2) महावीर प्रसाद द्विवेदी**

प्रश्न 48. सूची-I से सूची-II का मिलान कीजिए ('लेखक' एवं 'कहानी संग्रह') :

सूची-I (लेखक)	सूची-II (कहानी संग्रह)
A. ज्ञानरंजन	**I.** अपनी-अपनी बीमारी
B. हरिशंकर परसाई	**II.** फेन्स के इधर-उधर
C. निर्मल वर्मा	**III.** जिंदा मुर्दे
D. कमलेश्वर	**IV.** पिछली गर्मियों में

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-I, B-II, C-III, D-IV
(2) A-II, B-III, C-IV, D-I
(3) A-I, B-IV, C-II, D-III
(4) A-II, B-I, C-IV, D-III

✔ **सही उत्तर: (4) A-II, B-I, C-IV, D-III**
सही मिलान: ज्ञानरंजन → फेन्स के इधर-उधर; हरिशंकर परसाई → अपनी-अपनी बीमारी; निर्मल वर्मा → पिछली गर्मियों में; कमलेश्वर → जिंदा मुर्दे।

प्रश्न 49. भाषाविज्ञान के अनुसार मानवेतर भाषाएँ प्रायः किस प्रकार की होती हैं?

(1) चितवृत्तिक
(2) मनोवृत्तिक
(3) सहजवृत्तिक
(4) असहजवृत्तिक

✔ **सही उत्तर: (3) सहजवृत्तिक**

प्रश्न 50. 'मजदूरी और प्रेम' शीर्षक निबन्ध में निम्नलिखित उपशीर्षक आए हैं। निबन्ध के आधार पर उनका (पहले से बाद का) क्रम निर्धारित करें -

A. मजदूर की मजदूरी
B. गड़रिये का जीवन
C. प्रेम मजदूरी
D. पश्चिमी सभ्यता का एक नया आदर्श
E. मजदूरी और कला

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) B, A, E, D, C
(2) A, B, C, E, D
(3) A, B, D, C, E
(4) B, A, C, E, D

✔ **सही उत्तर: (4) B, A, C, E, D**
सही क्रम: गड़रिये का जीवन → मजदूर की मजदूरी → प्रेम मजदूरी → मजदूरी और कला → पश्चिमी सभ्यता का एक नया आदर्श।
🔗 विस्तार से पढ़ें: **मजदूरी और प्रेम निबंध: सारांश**

प्रश्न 51. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें -

सूची-I	सूची-II
A. धातु से विशेषण	**I.** हँस-हँसोड़
B. जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा	**II.** धन-धनवान
C. धातु से करणवाचक संज्ञा	**III.** झाड़-झाड़ू
D. संज्ञा से विशेषण	**IV.** लड़का-लड़कपन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(1) A-I, B-IV, C-III, D-II
(2) A-II, B-III, C-IV, D-I
(3) A-I, B-IV, C-II, D-III
(4) A-IV, B-I, C-II, D-III

✔ **सही उत्तर: (1) A-I, B-IV, C-III, D-II**
सही मिलान: धातु से विशेषण → हँस-हँसोड़; जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा → लड़का-लड़कपन; धातु से करणवाचक संज्ञा → झाड़-झाड़ू; संज्ञा से विशेषण → धन-धनवान।

प्रश्न 52. "क्रोध मेरी खुराक है, लोभ मेरा नयन-अंजन है और काम भुजंग मेरा क्रीड़ा सहचर है। इनको ही मैं क्रमशः विद्रोह, प्रगति और नवलेखन कहकर पुकारता हूँ..." - यह उद्धरण किस रचना से संकलित है? इसके लेखक कौन हैं?

(1) उत्तरा फाल्गुनी के आसपास - कुबेरनाथ राय
(2) उठ जाग मुसाफिर - विवेकी राय
(3) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है - विद्यानिवास मिश्र
(4) शिवमूर्ति - प्रतापनारायण मिश्र

✔ **सही उत्तर: (1) उत्तरा फाल्गुनी के आसपास - कुबेरनाथ राय**
'उत्तरा फाल्गुनी के आसपास' कुबेरनाथ राय का ललित निबंध संग्रह है।

प्रश्न 53. मीरा की निम्नांकित में से कौन सी पंक्तियाँ, कृष्ण के रूप के प्रति आकर्षण को व्यक्त नहीं करती हैं?

(1) णेणां लोभा, आटकां शक्यां णा फिर आय। रुम रुम नखसिख लख्या, ललक लटक अकुला।
(2) हेरी मा नन्द को गुमानी म्हारे मनड़े बस्यो। गहे द्रुम डार कदम की ठाड़ो मृदु मुसकाय म्हारी ओर हंस्यो।
(3) इण चरण प्रहलाद परस्यां, इन्द्र पदवी धरण। इण चरण ध्रुव अटल करस्यां, सरण असरण सरण।
(4) आली री म्हारे णेणां बाण पड़ी। चित्त चढ़ी म्हारे माधुरी मूरत, हिवड़ा अणी गड़ी।

✔ **सही उत्तर: (3) इण चरण प्रहलाद परस्यां, इन्द्र पदवी धरण। इण चरण ध्रुव अटल करस्यां, सरण असरण सरण।**

प्रश्न 54. ल्योतार्द ने उत्तर आधुनिक समाज से जुड़ी किन चीजों पर विचार करने का आग्रह किया है?

A. ज्ञान का साध्य न रहकर साधन बनना, बाजार की वस्तु बनना।
B. विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में भाषिकी की बढ़ती भूमिका।
C. साहित्य की सामाजिक भूमिका सुनिश्चित करना।
D. राष्ट्र निर्माण में भाषा और साहित्य को प्रथम स्थान पर रखना।
E. सामूहिकतावाद की पुनः स्थापना का प्रयास।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल A और C
(2) केवल A और B
(3) केवल B और C
(4) केवल D और E

✔ **सही उत्तर: (2) केवल A और B**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A (ज्ञान का साध्य न रहकर साधन बनना, बाजार की वस्तु बनना।), B।

प्रश्न 55. "विशाखदत्त को तो श्री जायसवाल ने चंद्रगुप्त की सभा का राजकवि और उसके 'देवी चंद्रगुप्त' को जीवन चित्रण नाटक भी माना है..." जयशंकर प्रसाद ने अपने किस नाटक की 'भूमिका' में उपर्युक्त पंक्तियाँ लिखी हैं?

(1) चंद्रगुप्त
(2) ध्रुवस्वामिनी
(3) राज्यश्री
(4) स्कंदगुप्त

✔ **सही उत्तर: (2) ध्रुवस्वामिनी**

प्रश्न 56. 'देवरानी जेठानी की कहानी' उपन्यास निम्न में से किन सामाजिक समस्याओं को नहीं उठाता है?

A. बाल विवाह
B. अशिक्षा
C. सतीप्रथा
D. स्त्रियों की आभूषणप्रियता
E. छुआछूत

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल A और B
(2) केवल B और C
(3) केवल C और E
(4) केवल D और E

✔ **सही उत्तर: (3) केवल C और E**
प्रश्न के अनुसार चुने जाने वाले कथन/विकल्प: C (सतीप्रथा), E (छुआछूत)।

प्रश्न 57. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार 'संघ में शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जाने के लिए तत्समय प्राधिकृत भाषा, एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच तथा किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा होगी'?

(1) अनुच्छेद 343 (1)
(2) अनुच्छेद 343 (3)
(3) अनुच्छेद 346
(4) अनुच्छेद 348 (1)

✔ **सही उत्तर: (3) अनुच्छेद 346**
संविधान का अनुच्छेद 346 एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच तथा राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा से संबंधित है।

प्रश्न 58. 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी में नहीं है-

(1) जमींदार की निष्ठुरता
(2) जमींदार का हृदय परिवर्तन
(3) विधवा का भयभीत होना
(4) अदालती न्याय व्यवस्था पर व्यंग्य

✔ **सही उत्तर: (3) विधवा का भयभीत होना**

प्रश्न 59. सूची-I से सूची-II का मिलान कीजिए ('पुस्तक' एवं 'लेखक') :

सूची-I (पुस्तक)	सूची-II (लेखक)
A. द पोस्ट मॉडर्न कन्डीशन ए रिपोर्ट ऑन नॉलेज	**I.** रोलाँ बार्थ
B. पोस्ट मॉडर्निज्म द कल्चरल लॉजिक ऑफ लेट कैपिटलिज्म	**II.** ल्योतार
C. द एंड ऑफ मैन	**III.** फ्रेडरिक
D. द डेथ ऑफ ऑथर	**IV.** देरिदा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-II, B-I, C-III, D-IV
(2) A-II, B-III, C-IV, D-I
(3) A-III, B-I, C-IV, D-II
(4) A-III, B-II, C-I, D-IV

✔ **सही उत्तर: (2) A-II, B-III, C-IV, D-I**
सही मिलान: द पोस्ट मॉडर्न कन्डीशन ए रिपोर्ट ऑन नॉलेज → ल्योतार; पोस्ट मॉडर्निज्म द कल्चरल लॉजिक ऑफ लेट कैपिटलिज्म → फ्रेडरिक; द एंड ऑफ मैन → देरिदा; द डेथ ऑफ ऑथर → रोलाँ बार्थ।

प्रश्न 60. आरंभिक खड़ी बोली हिन्दी गद्य की रचनाओं और उनके स्वरूप के विषय में क्या-क्या सही है?

A. 'चंद छंद बरनन की महिमा' एक जाली ग्रंथ है और डॉ. बच्चन सिंह के अनुसार इसका आविष्कार पृथ्वीराज रासो को प्रामाणिक सिद्ध करने के लिए किया गया था।
B. 'नासिकेतोपाख्यान' को फोर्ट विलियम कॉलेज के पाठ्यक्रम में उसकी संस्कृतनिष्ठ हिन्दी के कारण रखा गया था।
C. कैप्टेन विलियम प्राइस ने फोर्ट विलियम कॉलेज के हिन्दुस्तानी विभाग के अध्यक्ष बनने पर गिलक्राइस्ट की भाषा नीति को बदला था।
D. लल्लूलाल कृत 'सिंहासन बत्तीसी' की भाषा को उसके सम्पादक सैयद अब्दुल्ला फारसी मानते हैं।
E. श्रीरामपुर मिशन से जुड़े केरे की हिन्दी मुख्यतः संस्कृत से बनी थी।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल B, C और D
(2) केवल C, D और E
(3) केवल A, B और C
(4) केवल A, C और E

✔ सही उत्तर: (4) केवल A, C और E
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A, C, E।



UGC NET Paper 1 कंप्लीट नोट्स (हिंदी माध्यम)
✔ सभी 10 इकाइयाँ ✔ MCQ और मॉक टेस्ट ✔ पेपर 1 की पूरी तैयारी एक ई-बुक में
₹99 ~~₹399~~ **अभी खरीदें →**

प्रश्न 61. "आपने माई लार्ड जबसे भारतवर्ष में पधारे हैं, बुलबुलों का स्वप्न ही देखा है या सचमुच कोई करने के योग्य काम भी किया है?" यह वाक्य किस निबंध से लिया गया है?

(1) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है?
(2) शिवशंभु के चिट्ठे
(3) दिल्ली दरबार दर्पण
(4) शिवमूर्ति

✔ सही उत्तर: (2) शिवशंभु के चिट्ठे

प्रश्न 62. 'बचन सिंह' निम्नलिखित में से किस कहानी का पात्र है ?

(1) लाल पान की बेगम
(2) एक टोकरी भर मिट्टी
(3) उसने कहा था
(4) राजा निरबंसिया

✔ सही उत्तर: (4) राजा निरबंसिया
बचन सिंह कमलेश्वर की कहानी 'राजा निरबंसिया' का पात्र है।

प्रश्न 63. निम्नलिखित में कौन-से युग्म सही हैं?

A. पश्चिमी हिंदी - ब्रजभाषा
B. पहाड़ी हिंदी - कन्नौजी
C. पूर्वी हिंदी - अवधी
D. बिहारी हिंदी - मेवाती
E. राजस्थानी हिंदी - बघेली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल D और E
(2) केवल A और C
(3) केवल B और D
(4) केवल B और E

✔ **सही उत्तर: (2) केवल A और C**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A (पश्चिमी हिंदी - ब्रजभाषा), C (पूर्वी हिंदी - अवधी)।
ब्रजभाषा पश्चिमी हिंदी की और अवधी पूर्वी हिंदी की बोली है। कन्नौजी पश्चिमी हिंदी की, मेवाती राजस्थानी की और बघेली पूर्वी हिंदी की बोली है।

प्रश्न 64. 'आषाढ़ का एक दिन' के निम्नलिखित पात्रों को, नाटक में प्रथम प्रवेश के आधार पर, पहले से बाद के क्रम में लगाइए:

A. निक्षेप
B. प्रियंगु
C. अनुनासिक
D. दन्तुल
E. रंगिणि

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) D, A, E, C, B
(2) A, D, E, C, B
(3) D, A, C, E, B
(4) E, C, B, D, A

✔ **सही उत्तर: (1) D, A, E, C, B**
सही क्रम: दन्तुल → निक्षेप → रंगिणि → अनुनासिक → प्रियंगु।
🔗 विस्तार से पढ़ें: **आषाढ़ का एक दिन: सारांश और पात्र**

प्रश्न 65. रचनाकार सूची-I को उनकी लिखी पंक्ति सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I (रचनाकार)	सूची-II (पंक्ति)
A. लाला हीरालाल	**I.** सिद्ध श्री 108 श्री श्री नातसाहि जी श्री दलपति जी अकबरसाहजी आमखास में तखत उपर विराजमान हो रहे हैं।
B. गंग कवि	**II.** प्रथम परब्रह्म परमात्मा का नमस्कार है जिससे सब भासते हैं
C. रामप्रसाद निरंजनी	**III.** इससे जाना गया कि संस्कार का भी प्रमाण नहीं; आरोपित उपाधि है
D. मुंशी सदासुखलाल 'नियाज'	**IV.** अब शेख अबुलफजल ग्रंथ को करता प्रभु को निमस्कार।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें:

(1) A-I, B-II, C-III, D-IV
(2) A-IV, B-I, C-II, D-III
(3) A-III, B-IV, C-I, D-II
(4) A-III, B-I, C-IV, D-II

✓ सही उत्तर: (2) A-IV, B-I, C-II, D-III
सही मिलान: लाला हीरालाल → अब शेख अबुलफजल ग्रंथ को करता प्रभु को निमस्कार।; गंग कवि → I; रामप्रसाद निरंजनी → प्रथम परब्रह्म परमात्मा का नमस्कार है जिससे सब भासते हैं; मुंशी सदासुखलाल 'नियाज' → इससे जाना गया कि संस्कार का भी प्रमाण नहीं; आरोपित उपाधि है।

प्रश्न 66. 'रामचरित मानस' के उत्तरकांड के अनुसार निम्नांकित में से कौन सा कथन श्री राम का नहीं है?

(1) बड़े भाग मानुष तन पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा।।
(2) नर तनु भव बारिधि कहुँ बेरो। सन्मुख मरुत अनुग्रह मेरो।
(3) नर तनु पाइ विषय मन देहीं। पलटि सुधा ते सठ विष लेहीं।
(4) नर तन सम नहिं कवनउ देही। जीव चराचर जाचत देही।

✓ सही उत्तर: (4) नर तन सम नहिं कवनउ देही। जीव चराचर जाचत देही।

प्रश्न 67. निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सही हैं?

A. 'उसकी सास बोली, अपने घर पड़ी सोवे है' - देवरानी जेठानी की कहानी
B. 'निस्संदेह ! प्रीति का सुख ऐसा ही अलौकिक है' - परीक्षागुरू
C. 'बाँस मोल लिये हैं, पंद्रह रुपये सैकड़े का बयाना हुआ है' - गोदान
D. 'गवाही दी थी, पर मुकदमे का नाम हमें याद नहीं' - झूठा सच
E. 'अस्पताल तो सबों की भलाई के लिए बना होता है' - रागदरबारी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल C, D और E
(2) केवल A, B और C
(3) केवल A, E और D
(4) केवल B, D और E

✓ सही उत्तर: (2) केवल A, B और C
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A, B ('निस्संदेह ! प्रीति का सुख ऐसा ही अलौकिक है' - परीक्षागुरू), C।

प्रश्न 68. 'आवारा मसीहा' की भूमिका के अनुसार, यह वाक्य शरच्चंद्र ने विधवा चरित्र की आलोचना के संदर्भ में किसे कहा था - "तुम्हारे मन को आघात पहुंचाकर ऐसा कुछ कभी नहीं लिखूँगा।"

(1) निरुपमा देवी
(2) भुवनमोहिनी
(3) हिरण्मयी
(4) मोतीलाल चट्टोपाध्याय

✔ **सही उत्तर: (1) निरुपमा देवी**
🔗 विस्तार से पढ़ें: आवारा मसीहा: सारांश और प्रश्न

प्रश्न 69. डॉ. राममनोहर लोहिया से संबंधित निम्नलिखित तथ्यों को पहले से बाद के क्रमानुसार व्यवस्थित करें-

A. डॉ. लोहिया 'काँग्रेस सोशलिस्ट' नामक साप्ताहिक मुखपत्र के सम्पादक बने।
B. डॉ. लोहिया का प्रतिनिधि के रूप में काँग्रेस अधिवेशन में सम्मिलित होना।
C. डॉ. लोहिया ने भूमिगत रहते हुए विद्रोहियों की प्रेरणा के लिए कई बुलेटिन और छोटी-छोटी पुस्तकें लिखीं,जिनमें से 'क्रांति की तैयारी करो', 'आजाद राज कैसे बने' प्रमुख थीं।
D. डॉ. लोहिया ने कलकत्ता में विद्यार्थियों को साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए तैयार किया और इसका नेतृत्व किया।
E. डॉ. लोहिया अपने गोवा-वासी मित्र जूलियो मनेजिस के निमंत्रण पर गोवा पहुँचे।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A, B, C, D, E
(2) C, D, E, A, B
(3) B, D, A, C, E
(4) E, D, C, B, A

✔ **सही उत्तर: (3) B, D, A, C, E**
सही क्रम: B → D → A → C → E।

प्रश्न 70. 'हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास' (रामस्वरूप चतुर्वेदी) पुस्तक के आधार पर महावीरप्रसाद द्विवेदी की समालोचनात्मक रचनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:

A. साहित्य संदर्भ
B. हिंदी भाषा की उत्पत्ति
C. सुकवि संकीर्तन
D. कालिदास की निरंकुशता
E. साहित्य सीकर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) A, B, C, D, E
(2) C, A, B, D, E
(3) B, D, C, A, E
(4) D, B, A, C, E

✔ **सही उत्तर: (3) B, D, C, A, E**
सही क्रम: हिंदी भाषा की उत्पत्ति → कालिदास की निरंकुशता → सुकवि संकीर्तन → साहित्य संदर्भ → साहित्य सीकर।

प्रश्न 71. निम्नलिखित भारतेन्दु युगीन पत्र-पत्रिका के प्रकाशन के आरंभ का सही क्रम (पहले से बाद) क्या है?

A. भारत बंधु
B. हिन्दी प्रदीप
C. उचित वक्ता
D. ब्राह्मण
E. भारतोदय

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) A, B, C, D, E
(2) B, A, C, D, E
(3) C, A, B, D, E
(4) B, A, C, E, D

✔ **सही उत्तर: (1) A, B, C, D, E**
सही क्रम: भारत बंधु → हिन्दी प्रदीप → उचित वक्ता → ब्राह्मण → भारतोदय।

प्रश्न 72. निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सही हैं ?

A. योगवासिष्ठ - रामप्रसाद निरंजनी
B. प्रेमसागर - सदल मिश्र
C. नासिकेतोपाख्यान - इंशाअल्ला खाँ
D. नूतन ब्रह्मचारी - बालकृष्ण भट्ट
E. संयोगिता स्वयंवर - सदासुखलाल

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल A और B
(2) केवल A और D
(3) केवल D और E
(4) केवल C और D

✔ **सही उत्तर: (2) केवल A और D**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A (योगवासिष्ठ - रामप्रसाद निरंजनी), D (नूतन ब्रह्मचारी - बालकृष्ण भट्ट)।

प्रश्न 73. "बेटा, हाथ साफ रखना, जिसका हाथ साफ है वह कोई बुरा काम नहीं करता है" प्रस्तुत कथन किस उपन्यास का है?

(1) आपका बंटी
(2) जिन्दगीनामा
(3) राग दरबारी
(4) तमस

✔ **सही उत्तर: (4) तमस**
'तमस' भीष्म साहनी का उपन्यास है।

प्रश्न 74. भाषाविज्ञान की दृष्टि से 'पूर्वी हिंदी' का विकास निम्नलिखित में से किस अपभ्रंश से माना जाता है?

(1) शौरसेनी अपभ्रंश
(2) मागधी अपभ्रंश
(3) अर्द्ध-मागधी अपभ्रंश
(4) महाराष्ट्री अपभ्रंश

✔ **सही उत्तर: (3) अर्द्ध-मागधी अपभ्रंश**
पूर्वी हिंदी (अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी) का विकास अर्द्धमागधी अपभ्रंश से माना जाता है।

प्रश्न 75. 'भारतीय नवजागरण' के संदर्भ में निम्नलिखित घटनाओं को पहले से बाद के क्रम में व्यवस्थित करें -

A. भारतेंदु का 'नाटक' शीर्षक निबंध
B. भारतेंदु का बलिया वाला व्याख्यान
C. विवेकानंद का शिकागो व्याख्यान
D. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना
E. तदीय समाज

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) D, E, A, B, C
(2) A, B, C, D, E
(3) E, B, C, D, A
(4) B, C, A, D, E

✔ **सही उत्तर: (1) D, E, A, B, C**
सही क्रम: फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना → तदीय समाज → भारतेंदु का 'नाटक' शीर्षक निबंध → भारतेंदु का बलिया वाला व्याख्यान → विवेकानंद का शिकागो व्याख्यान।
कालक्रम: फोर्ट विलियम कॉलेज (1800) → तदीय समाज (1873) → भारतेंदु का 'नाटक' निबंध (1883) → बलिया व्याख्यान (1884) → विवेकानंद का शिकागो व्याख्यान (1893)।

प्रश्न 76. 'स्कंदगुप्त' नाटक में देवसेना द्वारा गाए गए निम्नलिखित गीतों को, नाटक में गाने के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए :

A. आह! वेदना मिली विदाई
B. घने प्रेम-तरु तले...
C. भरा नैनों में मन में रूप।
D. देश की दुर्दशा निहारोगे
E. शून्य गगन में खोजता जैसे चन्द्र निराश

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) B, E, D, A, C
(2) E, D, A, C, B
(3) D, A, C, E, B
(4) C, B, E, D, A

✔ **सही उत्तर: (4) C, B, E, D, A**
सही क्रम: भरा नैनों में मन में रूप। → घने प्रेम-तरु तले... → शून्य गगन में खोजता जैसे चन्द्र निराश → देश की दुर्दशा निहारोगे → आह! वेदना मिली विदाई।
🔗 विस्तार से पढ़ें: [स्कंदगुप्त नाटक: सारांश, कथन और गीत]

प्रश्न 77. 'भरत-सूत्र' की व्याख्या करते हुए किस व्याख्याकार द्वारा 'विभावादि और स्थायिभावों से परस्पर व्यंजक व्यंग्यरूप संयोग' द्वारा रस की अभिव्यक्ति को स्थान दिया गया है?

(1) शंकुक
(2) अभिनवगुप्त
(3) भट्टनायक
(4) भट्टलोल्लट

✔ **सही उत्तर: (2) अभिनवगुप्त**
अभिनवगुप्त का मत 'अभिव्यक्तिवाद' कहलाता है, जिसमें रस की अभिव्यक्ति व्यंजना व्यापार से मानी गई है।

प्रश्न 78. पं. गोविंदवल्लभ पंत का कौन-सा नाटक मार्कंडेय पुराण की एक कथा पर आधारित है?

(1) राजमुकुट
(2) वरमाला
(3) अंगूर की बेटी
(4) अंतः पुर का छिद्र

✔ **सही उत्तर: (2) वरमाला**

प्रश्न 79. सूची-I से सूची-II का मिलान कीजिए ('श्रृंगार रस' से संबंधित 'पंक्ति' एवं 'रचनाकार') :

सूची-I (पंक्ति)	सूची-II (रचनाकार)
A. 'येन श्रृंग रीयते (गम्यते) स श्रृंगारः।'	**I.** आनन्दवर्धन
B. 'भूलि कहत नवरस सुकवि, सकल मूल सिंगार।'	**II.** सोमनाथ
C. 'श्रृंगार एव मधुरः परः प्रह्लादनो रसः।'	**III.** देव
D. 'नवरस को पति सरस अति, रस सिंगार पहिचानि।'	**IV.** भोजराज

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) A-III, B-I, C-IV, D-II
(2) A-III, B-IV, C-I, D-II
(3) A-IV, B-III, C-I, D-II
(4) A-IV, B-I, C-II, D-III

✔ **सही उत्तर: (3) A-IV, B-III, C-I, D-II**
सही मिलान: 'येन श्रृंग रीयते (गम्यते) स श्रृंगारः।' → भोजराज; 'भूलि कहत नवरस सुकवि, सकल मूल सिंगार।' → देव; 'श्रृंगार एव मधुरः परः प्रह्लादनो रसः।' → आनन्दवर्धन; 'नवरस को पति सरस अति, रस सिंगार पहिचानि।' → सोमनाथ।

प्रश्न 80. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I (कविता का शीर्षक)	सूची-II (काव्य-पंक्ति)
A. अकाल दर्शन	**I.** 'यह तीसरा आदमी कौन है? मेरे देश की संसद मौन है।'
B. मोचीराम	**II.** 'मुझे अपनी कविताओं के लिए दूसरे प्रजातंत्र की तलाश है'
C. रोटी और संसद	**III.** 'वे इस कदर पस्त हैं कि तटस्थ हैं।'
D. नक्सलबाड़ी	**IV.** 'कोई जंगल है जो आदमी पर पेड़ से वार करता है।'

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें:

(1) A-III, B-I, C-II, D-IV
(2) A-IV, B-III, C-II, D-I
(3) A-III, B-IV, C-I, D-II
(4) A-II, B-IV, C-I, D-III

✔ **सही उत्तर: (3) A-III, B-IV, C-I, D-II**
सही मिलान: अकाल दर्शन → 'वे इस कदर पस्त हैं कि तटस्थ हैं।'; मोचीराम → 'कोई जंगल है जो आदमी पर पेड़ से वार करता है।'; रोटी और संसद → 'यह तीसरा आदमी कौन है? मेरे देश की संसद मौन है।'; नक्सलबाड़ी → 'मुझे अपनी कविताओं के लिए दूसरे प्रजातंत्र की तलाश है'।

प्रश्न 81. लक्षणा शब्दशक्ति के संदर्भ में कौन से कथन सही हैं?

A. जहाँ वाच्य अर्थ और वाचक शब्द अपने-अपने अस्तित्व को गौण बनाकर जिस अर्थ को प्रकट करते हैं, उसे लक्षणा कहते हैं।
B. जहाँ मुख्यार्थ रूढ़ि के कारण लक्ष्यार्थ का बोध कराए, वहाँ रूढ़ा लक्षणा मानी जाती है।
C. जहाँ व्यंग्यार्थ का चमत्कार वाच्यार्थ की अपेक्षा गौण, अर्थात न्यून अथवा उसके समान हो, उसे लक्षणा कहते हैं।
D. प्रसिद्ध अर्थ अथवा साक्षात्संकेतित अर्थ के बोधक व्यापार को लक्षणा कहते हैं।
E. जहाँ मुख्यार्थ किसी प्रयोजन के कारण लक्ष्यार्थ का बोध कराए, वहाँ प्रयोजनवती लक्षणा मानी जाती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल A और D
(2) केवल B और E
(3) केवल C और B
(4) केवल B और D

✔ **सही उत्तर: (2) केवल B और E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: B, E।

प्रश्न 82. "सुनियो एक सँदेसो ऊधो तुम गोकुल को जात।" इस पद में कौन सा राग भ्रमरगीत सार अंतर्गत बताया गया है?

(1) राग कल्याण
(2) राग सारंग
(3) राग मलार
(4) राग सोरठ

✔ **सही उत्तर: (2) राग सारंग**

प्रश्न 83. अमीर खुसरो के संबंध में कौन-से कथन असत्य हैं?

A. खुसरो की मसनवी 'मसनवी दर तारीख़ देहली' में दिल्ली नगर और उसके निवासियों की प्रशंसा की गई है।
B. खुसरो ने अपनी प्रसिद्ध मसनवी 'नूह-सिपिहर' (नौ आकाश) के एक अध्याय में भारतीय भाषाओं का सर्वेक्षण प्रस्तुत किया है।
C. खुसरो ने अपना दूसरा दीवान 'वस्तुल हेवात' बंगाल में रहकर तैयार किया।
D. खुसरो ने अपने भाषा सर्वेक्षण में दिल्ली की समीपवर्ती जिस भाषा का नामोल्लेख किया है, उसे वह ब्रजभाषा कहता है।
E. खुसरो ने अपने ग्रंथ 'नूह-सिपिहर' में अलाउद्दीन खिलजी द्वारा बनवाई गई इमारतों के बारे में लिखा है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) केवल D, B और E
(2) केवल D, A और B
(3) केवल D, C और E
(4) केवल D, A और B

✔ **सही उत्तर: (3) केवल D, C और E**
प्रश्न के अनुसार चुने जाने वाले कथन/विकल्प: D, C, E।

प्रश्न 84. हिन्दी नवजागरण के विषय में रामविलास शर्मा के कौन-कौन से कथन सत्य हैं?

A. रामविलास शर्मा भारतेंदु और उनके समकालीन लेखकों को 1857 से मुख्यतः दो आधारों पर जोड़ते हैं: राष्ट्रीय स्वाधीनता का उद्देश्य और अंग्रेजी राज के स्वरूप की पहचान।
B. रामविलास शर्मा 'कविवचनसुधा' को शुद्ध साहित्यिक पत्रिका मानते हैं।
C. रामविलास शर्मा के अनुसार हिन्दी जाति के विकास के संदर्भ में स्मरणीय है कि राज्यसत्ता का स्वरूप सदा विशुद्ध सामंती नहीं रहा है।
D. रामविलास शर्मा भारतेंदु की असंगतियों को उनके युग की सीमाओं से न जोड़कर उनके वर्ग की असंगतियों से जोड़ते हैं।
E. रामविलास शर्मा मानते हैं कि मुसलमानों के भारत में आगमन से एक नई भाषा का जन्म होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल A, B और C
(2) केवल A, C और D
(3) केवल D, E और A
(4) केवल B, D और E

✔ **सही उत्तर: (2) केवल A, C और D**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: A, C, D।

प्रश्न 85. 'अंधेर नगरी' के पात्र हैं :

A. दुर्जन
B. घासीराम
C. कल्लू
D. जातवाला
E. सत्यानाश फौजदार

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B, C
(2) केवल B, C, D
(3) केवल C, D, E
(4) केवल A, C, D

✔ **सही उत्तर: (2) केवल B, C, D**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: B (घासीराम), C (कल्लू), D (जातवाला)।

UGC NET/JRF हिंदी
पेपर 2
कंप्लीट कॉम्बो नोट्स
सभी 10 इकाइयाँ

UGC NET/JRF हिंदी (पेपर 2) कंप्लीट कॉम्बो नोट्स PDF
✔ सभी 10 इकाइयाँ एक साथ ✔ रचनाएँ, पात्र, कथन और प्रकाशन वर्ष ✔ परीक्षा-उपयोगी तालिकाएँ
₹699 ~~₹1102~~ अभी खरीदें →

प्रश्न 86. "तनिक सा चोखौ तौ बिटिया रानी! का पढ़े-लिखे मनई यह खाय के जियत हैं", 'स्मृति की रेखाएँ' कृति में यह पंक्ति महादेवी वर्मा से किस पात्र ने कही ?

(1) जामाता
(2) बूढ़ी मौसी
(3) बेला
(4) ठकुरी बाबा

✔ **सही उत्तर: (4) ठकुरी बाबा**

प्रश्न 87. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक 'कृष्ण-चरित्र' से संबंधित नहीं है?

(1) चन्द्रावली
(2) ललिता
(3) महारास
(4) संग्राम

✔ **सही उत्तर: (4) संग्राम**
'संग्राम' प्रेमचंद का नाटक है, जबकि चंद्रावली, ललिता और महारास कृष्ण-चरित्र से जुड़े हैं।

प्रश्न 88. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें -

सूची-I (रचनाकार)	सूची-II (पंक्ति)
A. देवसेन	**I.** रज्ज लुद्ध असलान बुद्धि बिक्कम बले हारल।
B. सरह (सरोजवज्र)	**II.** जो जिण सासण भाषियउ सो मइ कहियउ सारु।
C. हेमचंद्र	**III.** भल्ला हुआ जु मारिया बहिणि महारा कंतु।
D. विद्यापति	**IV.** पंडिअ सअल सत्त बक्खाणइ देहहि रूद्ध बसंत न जाणइ।।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें:

(1) A-II, B-IV, C-III, D-I
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-I, B-II, C-IV, D-I
(4) A-IV, B-III, C-I, D-II

✔ **सही उत्तर: (1) A-II, B-IV, C-III, D-I**
सही मिलान: देवसेन → जो जिण सासण भाषियउ सो मइ कहियउ सारु।; सरह (सरोजवज्र) → पंडिअ सअल सत्त बक्खाणइ देहहि रूद्ध बसंत न जाणइ।।; हेमचंद्र → भल्ला हुआ जु मारिया बहिणि महारा कंतु।; विद्यापति → रज्ज लुद्ध असलान बुद्धि बिक्कम बले हारल।।

प्रश्न 89. विभिन्न उपन्यासों के संदर्भ में कौन से पात्र सही हैं?

A. 'देवरानी जेठानी की कहानी' के पात्र हैं- छोटेलाल, सुखदेई, मिसरानी, बाबू बैजनाथ
B. 'मैला आँचल' के पात्र हैं - चेथरू, रामखेलावन, लछमी, डॉ. प्रशांत
C. 'परीक्षा गुरु' के पात्र हैं - रामप्रसाद, बनारसीदास, मुंशी चुन्नीलाल, दौलत राम
D. 'शेखर एक जीवनी' के पात्र हैं - श्याम बिहारी तंखा, शशि, सोभा, शारदा
E. 'गोदान' के पात्र हैं - हीरा, मँगरू, भोला, मि. चन्द्रप्रकाश खन्ना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल A और C
(2) केवल C और D
(3) केवल B और D
(4) केवल B और E

✔ **सही उत्तर: (4) केवल B और E**
उत्तर में शामिल कथन/विकल्प: B, E।

प्रश्न 90. जयशंकर प्रसाद की निम्नलिखित रचनाओं को उनकी प्रकाशन-तिथि के अनुसार व्यवस्थित कीजिए:

A. कामायनी
B. लहर
C. प्रेमपथिक
D. झरना
E. आँसू

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(1) C, E, B, D, A
(2) A, B, D, C, E
(3) C, D, E, B, A
(4) A, B, C, D, E

✔ **सही उत्तर: (3) C, D, E, B, A**
सही क्रम: प्रेमपथिक → झरना → आँसू → लहर → कामायनी।

📜 अनुच्छेद आधारित प्रश्न (91–100)

अनुच्छेद (प्रश्न 91–95): निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और तदनुरूप प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
'व्यक्ति की कहानी केवल उसकी अपनी नहीं होती, उसमें सभ्यता और संस्कृति का तत्त्व भी अवश्य सम्मिलित रहता है। मानव जीवन अनेक अनुभूतियों एवं अनुभवों का सम्मिश्रण है। प्रत्येक अनुभूति और अनुभव का भार स्मृतियों की कोठरी है, या फिर कहें पूँजी है। मनुष्य कितना ही विकास कर ले, कितना ही आधुनिक हो जाए, लेकिन अपनी सभ्यता और संस्कृति से उसे जुड़े रहना चाहिए। सभ्यता उसके मनुष्य तत्त्व की पहचान है और संस्कृति उसकी प्राणवायु। देश और जाति की बात में सभ्यता और संस्कृति की अमिट छाया रहती है, लेकिन इन दोनों का महत्त्व तब है, जब वह परिवर्तन का कुछ अंश ग्रहणकर निरंतर प्रवाहित होती रहे।'

प्रश्न 91. सभ्यता और संस्कृति की उपयोगिता के लिए क्या आवश्यक है?

(1) जब संस्कृति निरंतर प्रवाहित होती रहे।
(2) जब अनुभवों का संचार न हो।
(3) जब अनुभूतियाँ अल्प हों।
(4) जब गतिशीलता न हो।

✔ **सही उत्तर: (1) जब संस्कृति निरंतर प्रवाहित होती रहे।**
अनुच्छेद के अनुसार सभ्यता और संस्कृति का महत्त्व तभी है, जब वह परिवर्तन का कुछ अंश ग्रहण कर निरंतर प्रवाहित होती रहे।

प्रश्न 92. अनुच्छेद के अनुसार 'अनुभूति का भार' क्या है ?

(1) स्मृतियों का परिवर्तन
(2) स्मृतियों का विलोप
(3) स्मृतियों का विकास
(4) स्मृतियों की पूँजी

✔ **सही उत्तर: (4) स्मृतियों की पूँजी**
अनुच्छेद में कहा गया है कि प्रत्येक अनुभूति और अनुभव का भार स्मृतियों की कोठरी है, या फिर कहें पूँजी है।

प्रश्न 93. सभ्यता किस तत्त्व की पहचान कराती है?

(1) अलौकिक तत्त्व
(2) मनुष्य तत्त्व
(3) भौतिक तत्त्व
(4) रसायन तत्त्व

✔ **सही उत्तर: (2) मनुष्य तत्त्व**
अनुच्छेद के अनुसार सभ्यता मनुष्य के 'मनुष्य तत्त्व' की पहचान है और संस्कृति उसकी प्राणवायु।

प्रश्न 94. अनुच्छेद के आधार पर 'संस्कृति' के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है ?

(1) संस्कृति का तत्त्व मानव की कहानी का आवश्यक तत्त्व है।
(2) देश के संदर्भ में संस्कृति की छाया अवश्य रहती है।
(3) संस्कृति मानव की प्राणवायु है।
(4) आधुनिक होने पर मनुष्य को संस्कृति से जुड़ाव समाप्त कर देना चाहिए।

✔ **सही उत्तर: (4) आधुनिक होने पर मनुष्य को संस्कृति से जुड़ाव समाप्त कर देना चाहिए।**
अनुच्छेद कहता है कि मनुष्य कितना ही आधुनिक हो जाए, उसे अपनी सभ्यता और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। इसलिए विकल्प (4) असत्य है।

प्रश्न 95. व्यक्ति की कहानी में कौन-से तत्त्व अनिवार्य रूप से सम्मिलित हैं ?

(1) मानवता एवं विकास
(2) सभ्यता एवं संस्कृति
(3) देश एवं संस्कृति
(4) अनुभव एवं आधुनिकता

✔ **सही उत्तर: (2) सभ्यता एवं संस्कृति**
अनुच्छेद की पहली पंक्ति के अनुसार व्यक्ति की कहानी में सभ्यता और संस्कृति का तत्त्व अवश्य सम्मिलित रहता है।

अनुच्छेद (प्रश्न 96–100): निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और तदनुरूप प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
'कविता का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं है। उसमें समाज-सापेक्ष चिंतन और उसकी प्रासंगिकता पर चर्चा होना आवश्यक है। कविता का लक्ष्य संसार के दुःख और वेदना को प्रत्यक्ष करके संवेदना तक जाना है। मानव जीवन में मनोरंजन का स्थान महत्त्वपूर्ण है, लेकिन संवेदना के मेल से मनुष्य हृदय की अभिव्यक्ति को उचित स्थान कविता में अवश्य मिलना चाहिए। मनोयोग से मनोरंजन में भी मनुष्यता का भाव खोजा जा सकता है। मनोरंजन को कविता की शक्ति माना जा सकता है, लेकिन जब तक उसमें अपने आसपास के समाज-जन के लिए उपकार, करुणा एवं सहयोग का भाव न होगा, तब तक कविता का यह भाव भी अधूरा ही माना जाएगा। कविता का उद्देश्य समाज से सहज रूप से जुड़ा होना ही है। कविता की सहजता ही समाज को दिशा दे सकती है।'

प्रश्न 96. अनुच्छेद के अनुसार कविता के संदर्भ में असत्य कथन कौन-सा है?

(1) कविता का लक्ष्य वेदना को छोड़ना है।
(2) कविता का उद्देश्य समाज-सापेक्ष चिंतन है।
(3) कविता में मानव-हृदय सम्मिलित होना चाहिए।
(4) कविता में समाज-परोपकार का भाव होना चाहिए।

✔ **सही उत्तर: (1) कविता का लक्ष्य वेदना को छोड़ना है।**
अनुच्छेद के अनुसार कविता का लक्ष्य दुःख और वेदना को प्रत्यक्ष करके संवेदना तक जाना है, वेदना को छोड़ना नहीं। इसलिए (1) असत्य है।

प्रश्न 97. अनुच्छेद के अनुसार 'मनोरंजन' कविता की शक्ति कब माना जाएगा?

(1) जब उसमें पारिश्रमिक की भी व्यवस्था हो।
(2) जब उसमें आत्मरंजन के सभी तत्त्व सम्मिलित हों।
(3) जब उसमें आवश्यकता का भाव सर्वोपरि हो।
(4) जब उसमें करुणा एवं सहयोग का भाव हो।

✔ **सही उत्तर: (4) जब उसमें करुणा एवं सहयोग का भाव हो।**
मनोरंजन को कविता की शक्ति तभी माना जा सकता है, जब उसमें समाज-जन के लिए उपकार, करुणा एवं सहयोग का भाव हो।

प्रश्न 98. अनुच्छेद के अनुसार कविता में मनोरंजन के साथ क्या होना आवश्यक है ?

(1) भाषा की शुद्धि
(2) मनुष्य हृदय की अभिव्यक्ति
(3) भावों की विरक्ति
(4) मनोयोग की विरक्ति

✔ **सही उत्तर: (2) मनुष्य हृदय की अभिव्यक्ति**
अनुच्छेद के अनुसार संवेदना के मेल से मनुष्य हृदय की अभिव्यक्ति को कविता में उचित स्थान अवश्य मिलना चाहिए।

प्रश्न 99. अनुच्छेद के अनुसार समाज-जन से किन भावों के माध्यम से जुड़ा जा सकता है?

(1) करुणा और व्यवहार
(2) करुणा और सहयोग
(3) करुणा और समर्पण
(4) करुणा और मनोरंजन

✔ **सही उत्तर: (2) करुणा और सहयोग**
अनुच्छेद में समाज-जन के लिए उपकार, करुणा एवं सहयोग के भाव की बात कही गई है।

प्रश्न 100. कविता का उद्देश्य क्या है?

(1) समाज का मात्र मनोरंजन
(2) समाज से सहज जुड़ाव
(3) समाज से अलगाव
(4) मानव-वेदना का तिरस्कार

✔ **सही उत्तर: (2) समाज से सहज जुड़ाव**
अनुच्छेद का निष्कर्ष है कि कविता का उद्देश्य समाज से सहज रूप से जुड़ा होना ही है।

🔑 उत्तर-कुंजी: एक नज़र में

1. (4)	**2.** (1)	**3.** (3)	**4.** (3)	**5.** (2)	**6.** (3)	**7.** (3)	**8.** (4)	**9.** (2)	**10.** (1)
11. (2)	**12.** (3)	**13.** (4)	**14.** (1)	**15.** (1)	**16.** (2)	**17.** (4)	**18.** (1)	**19.** (3)	**20.** (4)
21. (2)	**22.** (4)	**23.** (2)	**24.** (2)	**25.** (2)	**26.** (1)	**27.** (3)	**28.** (2)	**29.** (4)	**30.** (2)
31. (3)	**32.** रद्द	**33.** (4)	**34.** (1)	**35.** (2)	**36.** (3)	**37.** (1)	**38.** (1)	**39.** (3)	**40.** (2)
41. (1)	**42.** (3)	**43.** (1)	**44.** (1)	**45.** (1)	**46.** (2)	**47.** (2)	**48.** (4)	**49.** (3)	**50.** (4)
51. (1)	**52.** (1)	**53.** (3)	**54.** (2)	**55.** (2)	**56.** (3)	**57.** (3)	**58.** (3)	**59.** (2)	**60.** (4)
61. (2)	**62.** (4)	**63.** (2)	**64.** (1)	**65.** (2)	**66.** (4)	**67.** (2)	**68.** (1)	**69.** (3)	**70.** (3)
71. (1)	**72.** (2)	**73.** (4)	**74.** (3)	**75.** (1)	**76.** (4)	**77.** (2)	**78.** (2)	**79.** (3)	**80.** (3)
81. (2)	**82.** (2)	**83.** (3)	**84.** (2)	**85.** (2)	**86.** (4)	**87.** (4)	**88.** (1)	**89.** (4)	**90.** (3)
91. (1)	**92.** (4)	**93.** (2)	**94.** (4)	**95.** (2)	**96.** (1)	**97.** (4)	**98.** (2)	**99.** (2)	**100.** (2)

सभी उत्तर NTA की अंतिम उत्तर-कुंजी के अनुसार। प्रश्न 32 NTA द्वारा रद्द किया गया।

💡 इस पेपर से क्या सीखें? तैयारी के 6 सूत्र

1. **मूल रचनाएँ पढ़ें:** आधे-अधूरे (प्र. 6, 35), भारतेंदु युग के निबंध (प्र. 5, 23, 30, 61) और देवरानी जेठानी की कहानी (प्र. 56, 67, 89) से एक से अधिक प्रश्न आए।
2. **क्रम वाले प्रश्न:** लगभग हर पाँचवाँ प्रश्न कालक्रम या घटनाक्रम का था। रचनाओं के प्रकाशन वर्ष तालिका बनाकर याद करें।
3. **पंक्ति और पात्र:** उपन्यास, नाटक और कहानी के कथन व पात्र पहचानने वाले प्रश्न बढ़ रहे हैं।
4. **काव्यशास्त्र:** लक्षणा शब्दशक्ति (प्र. 38, 81), वक्रोक्ति और रस-सूत्र के व्याख्याकार बार-बार पूछे जाते हैं।
5. **पाश्चात्य समीक्षा:** उत्तर-आधुनिकता, ल्योतार, देरिदा, बार्थ और कॉलरिज को नज़रअंदाज़ न करें।
6. **अनुच्छेद आधारित 10 प्रश्न:** ये आसान अंक हैं। उत्तर अनुच्छेद में ही होता है।

UGC NET/JRF हिंदी
पेपर 2
कंप्लीट कॉम्बो नोट्स
सभी 10 इकाइयाँ

UGC NET/JRF हिंदी (पेपर 2) कंप्लीट कॉम्बो नोट्स PDF

✔ सभी 10 इकाइयाँ एक साथ ✔ रचनाएँ, पात्र, कथन और प्रकाशन वर्ष ✔ परीक्षा-उपयोगी तालिकाएँ

₹699 ~~₹1102~~ अभी खरीदें →

👤 लेखक परिचय



केवल कृष्ण घोड़ेला

एम.ए., बी.एड. (नेट हिंदी)

कॉलेज व्याख्याता, श्रीगंगानगर (राजस्थान)

संचालक: हिंदी साहित्य चैनल

🛒 **स्टोर**
store.hindisahity.com

🌐 **वेबसाइट**
hindisahity.com

💬 **WhatsApp**
96802 60474

▶️ **YouTube**
Hindi Sahitya Channel

🎯 पूरी तैयारी के लिए



UGC NET/JRF हिंदी (पेपर 2) कंप्लीट कॉम्बो नोट्स PDF

✔ सभी 10 इकाइयाँ एक साथ ✔ रचनाएँ, पात्र, कथन और प्रकाशन वर्ष ✔ परीक्षा-उपयोगी तालिकाएँ

₹699 ~~₹1102~~ **अभी खरीदें →**



UGC NET/JRF हिंदी टेस्ट सीरीज़: 33 टेस्ट पेपर, 1500+ प्रश्न

✔ नए पैटर्न पर प्रश्न ✔ उत्तर-कुंजी सहित ✔ परीक्षा से पहले पूरी प्रैक्टिस

₹99 ~~₹170~~ **अभी खरीदें →**

यह PDF अपने साथियों और टेलीग्राम/WhatsApp ग्रुप में **शेयर करें**।

ऑनलाइन पढ़ें: store.hindisahity.com/ugc-net-hindi-previous-year-question-paper/